# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 27.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 27.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी

**(3).** दिनांक 26.08.2024 की रात्रि में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर रिजर्व पुलिस लाइन्स चित्रकूट एवं थाना कोतवाली कर्वी में हर वर्ष की भांति पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन्स श्री राज कमल, प्रतिसार

निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण की उपस्थिति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस लाइन्स में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा राधा-कृष्ण की पोशाक पहनकर फैन्सी ड्रेस कम्पीटीशन में प्रतिभाग किया गया तथा बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्ण जी के भक्ति संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति पेश की गयी। तत्पश्चात मथुरा से आये कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर नृत्य एवं रासलीला का मंचन किया गया।

इसी दौरान पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस कम्पीटीशन एवं डांस कम्पीटीशन में राधा-कृष्ण की ड्रेस पहनकर प्रतिभाग किया गया । प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा इनाम देकर पुरुस्कृत किया गया ।

पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइंस स्थित मंगिर में विधि-विधान से हवन पूजन कर भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया गया |

थाना कोतवाली कर्वी कीर्तन पार्टी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भक्तिमय गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध किया गया ।

इस अवसर पर माननीय मऊ-मानिकपुर विधायक श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी, माननीय पूर्व मंत्री श्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, माननीय पूर्व सांसद बांदा-चित्रकूट श्री भैरो प्रसाद मिश्रा, मान0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नरेन्द्र गुप्ता, कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्री लवकुश चतुर्वेदी, सम्मानित पत्रकारबन्धु, पुलिस अधिकारीगण/कर्मचारीगण व अन्य गणमान्य व्यक्ति सपरिवार उपस्थित होकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद लेते हुए दिखाई दिए |

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना/चौकियों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना रैपुरा पुलिस ने अपनी ही दादी की गैर-इरादतन हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनाँक 27.08.2024 को श्री चुनवाद पुत्र स्व0 देवराज निवासी मिश्रन पुरवा चरदहा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट द्वारा थाना रैपुरा में सूचना दी कि उनके पुत्र मनोज उम्र करीब 28 वर्ष ने उनकी मां श्रीमती बुधिया उम्र लगभग 100 वर्ष को मुक्का मार दिया था जिससे मेरी मां घायल हो गयी थी जिन्हें इलाज हेतु अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उनकी मृत्यु हो गयी । इस सूचना पर थाना रैपुरा में मु0अ0सं0 140/2024 धारा 105 बीएनएस बनाम मनोज पुत्र चुनवाद उपरोक्त पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक रैपुरा द्वारा उ0नि0 श्री रविकान्त राय को अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। आज दिनाँक 28.08.2024 को उ0नि0 श्री रविकान्त राय तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त मनोज उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री रविकान्त राय थाना रैपुरा
2.मुख्य आरक्षी अशोक कुमार
3.मुख्य आरक्षी आशाराम
4.आरक्षी अंकित शुक्ला
5.महिला आरक्षी शिखा उदगेड़कर

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में वरि0उ0नि0 श्री प्रभुनाथ यादव तथा उनकी हमराही महिला आरक्षी ज्योती चौहान द्वारा मु0अ0सं0 800/2024 धारा 306,506 भादवि0 की वांछित अभियुक्ता सुन्दरिया पुत्री विशम्भर सोनी निवासी भैंरोपागा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(6).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर श्री दुर्गाविजय सिंह एवं पैरोकार आरक्षी सुजीत यादव द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा द्वारा थाना मानिकपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 215/2016 धारा 13 जुआ अधिनियम के आरोपी अभियुक्त वशीर पुत्र रशीद निवासी नवोदय विद्यालय के पास कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 200/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।